दैनिक भास्कर
गिरिडीह भास्कर 27-11-2025

# प्रतिनिधित्व, शासन और संवैधानिक प्रक्रियाओं पर छात्रों को दी जानकारी

भास्कर न्यूज़ | सरिया

सरिया कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को राष्ट्रीय संविधान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एसडीपीओ धनंजय कुमार राम शामिल हुए। प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार लाल ने उन्हें बुक और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मुख्य वक्ता धनंजय कुमार राम ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान देश की आत्मा है। शासन और सत्ता के सुचारू संचालन के लिए संविधान का पालन आवश्यक है। उन्होंने संविधान सभा के गठन की प्रक्रिया और उसमें समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस इकाई 2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. आशीष कुमार सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में एनएसएस इकाई 1 के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. आशीष दिवाकर, डॉ. प्रमोद कुमार, प्रो. जितेंद्र कुमार, रंजू कुमारी, अंजू कुमारी, सीमा कुमारी, संध्या कुमारी,राजश्री, खुशबू यादव, काजल कुमारी, मिथिलेश कुमार, मुस्कान राणा, संजना कुमारी, सुमित्रा कुमारी, प्रतिभा कुमारी, सुदीप, सत्यम, रोहित, सचिन, नितेश, आदित्य, बंटी, शुभम आदि मौजूद थे।



सरिया कॉलेज में संविधान दिवस पर उपस्थित एसडीपीओ व अन्य।

## बालिका उत्कृष्ट विद्यालय में संविधान दिवस मनाया

गिरिडीह | सर जेसी बोस मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय में बुधवार को संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य मुन्ना प्रसाद कुशवाहा, बाल संसद की प्रधानमंत्री, हेड गर्ल, सभी हाउस के कप्तान, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यालय के कर्मियों ने डॉ. अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित कर किया। छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान अंगीकृत किया गया था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की हेड गर्ल ने सभी को संविधान की शपथ दिलाई, जिसे छात्राओं व शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक दोहराया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश कुमार ने किया। मौके पर अख्तर अंसारी, इंद्रजीत साव, मिथिलेश कुमार, अमरेश कुमार, सपना कुमारी, कुसुम कुमारी, बंशन्कर मंडल, बालाजी, खुर्शीद अंसारी, सरोज कुमारी, राजेंद्र कुमार, सीमाब अख्तर, स्मिता प्रसाद उपस्थित थे।

# संविधान दिवस पर सरिया कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन



**सरिया.** सरिया कॉलेज में बुधवार को राजनीति विज्ञान विभाग व राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय संविधान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया. मुख्य वक्ता एसडीपीओ धनंजय कुमार राम थे. प्राचार्य डॉ संतोष कुमार लाल ने उनका स्वागत बुके व अंग वस्त्र देकर किया. एसडीपीओ ने कहा कि संविधान देश की आत्मा है. शासन-सत्ता को सुचारु रूप से चलाने के लिए संविधान की जरूरत होती है. उन्होंने संविधान सभा के निर्माण प्रक्रिया को विस्तार से बताया. कहा कि संविधान सभा में समाज के हर वर्ग को प्रतिनिधित्व प्रदान किया गया था. कार्यक्रम का संचालन एनएसएस इकाई टू के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ आशीष कुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन राजनीतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ अरुण कुमार ने किया. एनएसएस इकाई एक के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो आशीष दिवाकर, डॉ प्रमोद कुमार, प्रो.जितेंद्र कुमार, रंजू कुमारी, अंजू कुमारी, सीमा कुमारी, संध्या कुमारी, राजश्री, खुशबू यादव, काजल कुमारी यादव, मिथिलेश कुमार, मुस्कान राणा, संजना कुमारी, सुमित्रा कुमारी, प्रतिभा कुमारी, सुदीप, सत्यम, रोहित, सचिन, नितेश, आदित्य, बंटी, शुभम सहित काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे. इधर, प्रखंड के सभी शैक्षणिक संस्थानों में भी संविधान दिवस मनाया गया, जहां बच्चों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता तथा देश प्रेम का संकल्प दोहराया.

उपायुक्त रामनिवास यादव, एसपी डा. बिमल कुमार, डीडीसी, अपर समाहर्ता● जागरण

# संविधान दिवस पर सरिया कालेज में संगोष्ठी

संस, जागरण● सरिया (गिरिडीह): बुधवार को सरिया कालेज में राजनीति विज्ञान विभाग व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय संविधान दिवस पर संगोष्ठी की गई। मुख्य वक्ता के रूप में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धनंजय कुमार राम उपस्थित थे। एसडीपीओ धनंजय राम ने कहा कि संविधान देश की आत्मा होती है। शासन सत्ता को सुचारू रूप से चलने के लिए संविधान की जरूरत होती है।

उन्होंने संविधान सभा के निर्माण प्रक्रिया को भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि संविधान सभा में समाज के हर वर्ग को प्रतिनिधित्व प्रदान किया गया था। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो के कार्यक्रम पदाधिकारी डा आशीष कुमार सिंह व धन्यवाद ज्ञापन राजनीतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा. अरुण



एसडीपीओ को सम्मानित करते सरिया कालेज के प्राचार्य● जागरण

कुमार ने किया।

इसके पूर्व प्राचार्य डा. संतोष कुमार लाल ने बुके व अंग वस्त्र प्रदान कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मौके पर एनएसएस एक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो आशीष दिवाकर, डा. प्रमोद कुमार, प्रो. जितेंद्र कुमार , रंजू कुमारी, अंजू कुमारी, सीमा कुमारी , संध्या कुमारी, राजश्री, खुशबू यादव ,काजल कुमारी यादव आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सरिया कॉलेज में राष्ट्रीय संविधान दिवस पर भव्य संगोष्ठी आयोजित

सरिया : सरिया कॉलेज में बुधवार को राजनीति विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गिरिडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) धनंजय कुमार राम उपस्थित हुए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार लाल ने पुस्तक एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्य वक्ता धनंजय कुमार राम ने कहा कि संविधान किसी भी देश की आत्मा होता है। शासन-प्रशासन को सुचारु रूप से चलाने के लिए संविधान का होना अनिवार्य है। उन्होंने संविधान सभा के गठन की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से समझाया और बताया कि संविधान सभा में समाज के हर वर्ग, हर समुदाय को प्रतिनिधित्व देने का भरसक प्रयास किया गया था। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस इकाई-2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. आशीष कुमार सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार ने किया। इस अवसर पर एनएसएस इकाई-1 के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. आशीष दिवाकर, डॉ. प्रमोद कुमार, प्रो. जितेंद्र कुमार, रंजू कुमारी, अंजू कुमारी, सुदीप, सत्यम, रोहित, सचिन, नितेश, आदित्य, बंटी, शुभम सहित कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।